Title: Need to provide adequate funds to Government of Rajasthan for providing relief to the people affected by drought particularly in Churu District.

1409 hours

The Lok Sabha re-assembled at nine minutes past Fourteen of the Clock.

(Shrimati Margaret Alva *in the Chair*)

MATTERS UNDER RULE 377

श्री राम सिंह कस्वां (चूरू) : सभापति महोदय, राजस्थान राज्य में लगातार तीन वर्ाों से अकाल की विभीिका से जूझने के बाद इस वर्ा फिर प्रकृति के प्रकोप को सहन करने की लाचारी ने ग्रामीणों के हताश व निराश कर दिया है। किसान का अधिकांश पशुधन तो पिछले वर्ा ही खत्म हो गया था। इस वर्ा भी ग्रामीणों ने अपने बचे पशुधन को राम भरोसे छोड़ दिया है व खुद काम की तलाश में पड़ोसी राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं। किसान की क्रय शक्ति खत्म हो गई है। राज्य सरकार अकाल राहत कार्य कब प्रारम्भ करेगी कुछ तय नहीं है। किसान के पास खाने के लिये आज अनाज, पशुधन के लिये चारा व पीने के पानी की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। बरसात न होने से तालाब नदियां सूख गई हैं। कुओं का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। जिन गांवों में जलदाय विभाग द्वारा जलापूर्ति की जाती है, वहां बिजली के अभाव में आपूर्ति ठप्प हो गई है। ऐसी स्थिति में आज किसान अन्न-पानी व चारे के लिये दर-दर भटक रहा है। उम्मीद की कोई किरण नजर नहीं आती। राजस्थान सरकार इस विकट समस्या को हल कर पायेगी ऐसा लगता नहीं, न ही वह सक्षम है। पिछले वर्ा किये गये अकाल राहत कार्यों का भी भुगतान अभी तक शे है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान विशे रूप से चुरू जिले की गंभीर हालत को देखते हुये अविलम्ब सूखे की स्थिति का अवलोकन करते हुए एक अध्ययन दल भेजकर अधिकतम सहायता प्रदान करने की कृपा करें।

।